ज्ञान शांति मैत्री

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

जनसंपर्क कार्यालय


PUBLIC RELATIONS OFFICE

आज़ादी का अमृत महोत्सव

## कबीर की दृष्टि में समग्रता के साथ समन्वय है : प्रो. पूरनचंद टंडन

**वर्धा, 29 जून 2026 :** महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में कबीरदास की जयंती के उपलक्ष्य में सोमवार, 29 जून को 'कबीरदास का समग्र अवदान' विषय पर विशिष्ट व्याख्यान में संबोधित करते हुए दिल्ली विश्वविद्यालय के वरिष्ठ प्रोफेसर प्रो. पूरनचंद टंडन ने कहा कि कबीरदास ने समाज में व्याप्त कुरीतियों एवं अंधविश्वास पर प्रहार किया। उनकी दृष्टि में समग्रता के साथ समन्वय प्रदर्शित होता है। महादेवी वर्मा सभागार में आयोजित व्याख्यान के दौरान ऑनलाइन माध्यम से कबीर के समग्र अवदान पर





प्रकाश डालते हुए प्रो. टंडन के कहा कि कबीर विशुद्ध अद्वैतवादी साधक थे। उनके विचार में आत्मसमर्पण व आत्मविलय के गुण थे, जिससे उन्होंने अपने दोहों के माध्यम से समाज को जागरूक किया। कबीर का काव्य, चिंतन, प्रेमसाधना और निष्पाक चेतना से ओतप्रोत हैं। उनके पास अध्यात्म की शक्ति थी। ललित कला, वास्तु कला, चित्रकला और गायन कला जैसी कलाओं से उनका जीवन समृद्ध था। उनके जीवन-दर्शन पर नाटक, कविता, कहानियां, उपन्यास और धारावाहिक की रचनाएं की गयी जिससे उनके समृद्ध दर्शन को सामने लाया गया। उनके दोहे के अनुवाद के कारण उन्होंने वैश्विक लोकप्रियता हासिल की। कबीर पंथ के माध्यम से उनके विचारों का प्रचार-प्रसार हो रहा है और अनेक विश्वविद्यालयों में कबीर केंद्र स्थापित किए गए हैं। उनके विचार आज भी समाज के लिए दिशादर्शक है। प्रो. टंडन ने कबीर की उलबासियों और पारिभाषिक शब्दावली की भी विस्तार से चर्चा की। उनमें ज्ञान, भक्ति और कर्म का उद्भुत समन्वय है एक अर्थ में उनका साहित्य नीति साहित्य भी है जो आचरण पर बल देती है।

कार्यक्रम के स्वागत वक्तव्य एवं प्रास्ताविकी में हिंदी साहित्य विभाग के अध्यक्ष प्रो. अवधेश कुमार ने कबीरदास के समग्र अवदान को बताते हुए उनके द्वारा रचित दोहे, साखियों का विस्तार से विश्लेषण किया। उन्होंने कहा कि कबीर सामान्य अर्थ में समाज सुधारक नहीं है वे आध्यात्मिक संघर्ष करने वाले साधक है। वे मानव मात्र की एकता के प्रतीक हैं। कार्यक्रम का संचालन हिंदी साहित्य विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. रूपेश कुमार सिंह ने किया तथा सहायक प्रोफेसर डॉ. कोमल कुमार परदेशी ने आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्ज्वलन, कबीर के फोटो पर माल्यार्पण से किया गया तथा विश्वविद्यालय के कुलगीत का गायन हुआ। समापन राष्ट्रगान से किया गया।

इस अवसर पर डॉ. अशोकनाथ त्रिपाठी, डॉ. सूर्यप्रकाश पाण्डेय, डॉ. जगदीश नारायण तिवारी, डॉ. संदीप सपकाले, डॉ. मीरा निचळे, डॉ. शैलेश कदम आदि सहित शोधार्थी एवं विद्यार्थी बड़ी सख्या में उपस्थित रहे।

पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत

**ई-मेल/E-mail:** pro.mgahv@hindivishwa.ac.in **वेबसाइट/Website:** www.hindivishwa.org

**दूरभाष : +91-7152-252651 मोबाइल/Mobile : 9960562305**

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
जनसंपर्क कार्यालय
PUBLIC RELATIONS OFFICE

## कबीरांची दृष्टी समग्रतेशी सुसंगत आहे: प्रो. पुरनचंद टंडन

**वर्धा, २९ जून, २०२६:** महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालयात कबीरदासांच्या जयंतीनिमित्त, सोमवार, २९ जून रोजी 'कबीरदासांचे समग्र योगदान' या विषयावर आयोजित विशेष व्याख्यानात बोलताना दिल्ली विश्वविद्यालयाचे ज्येष्ठ प्रोफेसर पुरनचंद टंडन म्हणाले की, कबीरदासांनी सामाजिक दुष्प्रवृत्ती आणि अंधश्रद्धांवर हल्ला चढवला. त्यांची दृष्टी एक समग्र आणि सर्वांगीण दृष्टिकोन दर्शवते. महादेवी वर्मा सभागृहात आयोजित व्याख्यानादरम्यान कबीरांच्या समग्र योगदानावर ऑनलाइन प्रकाश टाकताना, प्रो. टंडन म्हणाले की, कबीर एक शुद्ध अद्वैत साधक होते. त्यांचे विचार आत्मसमर्पण आणि आत्ममग्नतेने वैशिष्ट्यपूर्ण होते, ज्याचा उपयोग त्यांनी आपल्या दोह्यांद्वारे समाजाला जागृत करण्यासाठी केला. कबीरांची कविता चिंतन, प्रेम साधना आणि शुद्ध चेतनेने ओतप्रोत आहे. त्यांच्यामध्ये अध्यात्मिक शक्ती होती. त्यांचे जीवन ललित कला, वास्तुकला, चित्रकला आणि गायन यांसारख्या कलांनी समृद्ध होते. त्यांच्या जीवनावर आधारित नाटके, कविता, कथा, कादंबऱ्या आणि मालिका लिहिल्या गेल्या आहेत, ज्यातून त्यांचे समृद्ध तत्त्वज्ञान प्रकाशात आले आहे. त्यांच्या दोह्यांच्या अनुवादातून त्यांना जागतिक लोकप्रियता मिळाली. कबीर पंथाच्या माध्यमातून त्यांच्या विचारांचा प्रसार केला जात आहे आणि अनेक विश्वविद्यालयामध्ये कबीर केंद्रे स्थापन करण्यात आली आहेत. त्यांचे विचार आजही समाजासाठी मार्गदर्शक आहेत. प्रोफेसर टंडन यांनी कबीरांच्या स्तोत्रांवर आणि तांत्रिक परिभाषेवरही सविस्तर चर्चा केली. ते ज्ञान, भक्ती आणि कृती यांचा एक अद्वितीय मिलाफ दर्शवतात. एका अर्थाने, त्यांचे साहित्य हे आचरणावर भर देणारी एक नीतिमूल्यांची साहित्यिक कलाकृती देखील आहे.

आपल्या स्वागतपर भाषणात आणि प्रास्ताविकेत हिंदी साहित्य विभागाचे प्रमुख प्रोफेसर अवधेश कुमार यांनी कबीरदासांच्या एकूण योगदानावर सविस्तर भाष्य केले आणि त्यांच्या दोहे व साखींचे सविस्तर विश्लेषण सादर केले. ते म्हणाले की, कबीर हे सामान्य अर्थाने समाजसुधारक नाहीत, तर ते एक साधक आहेत ज्यांनी आध्यात्मिक संघर्ष केला. ते सर्व मानवजातीच्या एकतेचे प्रतीक आहेत. कार्यक्रमाचे संचालन हिंदी साहित्य विभागाचे सहायक प्रोफेसर डॉ. रुपेश कुमार सिंह यांनी केले तर सहायक प्रोफेसर डॉ. कोमल कुमार परदेशी यांनी आभार मानले. दीपप्रज्ज्वलन, कबीर यांच्या प्रतिमेला पुष्पहार अर्पण करून आणि विश्वविद्यालयाचे गीत गाऊन कार्यक्रमाची सुरुवात झाली. राष्ट्रगीताने कार्यक्रमाची सांगता झाली. यावेळी डॉ. अशोकनाथ त्रिपाठी, डॉ. सूर्यप्रकाश पांडे, डॉ. जगदीश नारायण तिवारी, डॉ. संदीप सपकाळे, डॉ. मीरा निचले, डॉ. शैलेश कदम इत्यादींसह मोठ्या संख्येने शोधार्थी व विद्यार्थी उपस्थित होते.